Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 27 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**डीडीयूजीयू: 3600 अभ्यर्थियों ने दी यूजी–पीजी प्रवेश परीक्षा**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 में दाखिले के लिए चल रही स्नातक और परास्नातक की प्रवेश परीक्षा के लिए अंतर्गत बुधवार को 3600 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर सकुशल परीक्षाओं का आयोजन हुआ।

सुबह की पाली में सुबह 9–11 बजे तक बीकॉम की प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा में 2600 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर की पाली में 2–4 बजे तक एमए हिंदी, एमएससी जुलोजी और एमएससी एक्वाकल्चर की प्रवेश परीक्षा में 1000 अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के लिए सुबह की पाली में विद्यार्थियों के केंद्र पर पहुंचने का सिलसिला सुबह सात बजे तो दोपहर में 1 बजे से ही प्रारंभ हो गया था। निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उनके एडमिट कार्ड की जांच कर उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया।

आज इन विषयों की होंगी परीक्षाएं

स्नातक की प्रवेश परीक्षाओं के अंतर्गत बृहस्पतिवार को सुबह की पॉली में 9–11 बजे तक बीएससी (एमएलटी) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। दोपहर में एमए फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा का आयोजन होगा।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur